मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-501
08/11/2022

श्री गुरु नानक देव जी महाराज के 554वें प्रकाश पर्व के अवसर पर तख्त श्री हरिमंदिर साहिब जी पटना साहिब में आयोजित मुख्य (दीवान) कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री

पटना, 08 नवम्बर 2022 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार श्री गुरु नानक देव जी महाराज के 554वें प्रकाश पर्व के अवसर पर तख्त श्री हरिमंदिर साहिब जी पटना साहिब में आयोजित मुख्य (दीवान) कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री तख्त श्री हरिमंदिर साहिब में मत्था टेककर राज्य की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर तख्त श्री हरिमंदिर पटना साहिब प्रबंधन कमिटी की ओर से शिरोपा, अंगवस्त्र, कृपाण एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया गया।

मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित सालस राय जौहरी दीवान हॉल का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया।

इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पटना साहिब गुरुद्वारा हम बराबर आते रहे हैं। बाबा मोहिन्दर जी की कृपा से यहां सब कुछ सुंदर ढंग से बन गया है। इनका हम अभिनंदन करते हैं। इनसे हम आग्रह किए थे कि राजगीर में भी शीतल कुंड गुरुद्वारा को ठीक से बनवा दें, उन्होंने मेरे आग्रह को स्वीकार किया और शीतलकुंड गुरुद्वारा सुंदर और भव्य बन गया है। बाबा मोहिन्दर जी ने न सिर्फ बिहार में बल्कि देश के विभिन्न हिस्सों में गुरुद्वारे का बेहतरीन निर्माण कार्य करवाया है। वर्ष 2017 में ही हमसे उन्होंने गुरुद्वारे व अन्य निर्माण कार्य के संबंध में कहा था। इनके साथ हमारा पहले का संबंध है। यहां और जो कुछ कमी है उसे भी हमने ठीक करवाने को कहा है। जिलाधिकारी को भी मैंने कह दिया कि सब कुछ सुचारू ढंग से होना चाहिए ताकि कहीं से भी किसी को कोई असुविधा न हो। यह जगह बहुत महत्वपूर्ण है। यही स्थल है जहां पर गुरु गोविंद सिंह जी महाराज का जन्म हुआ। सिखों के पहले से दसवें गुरु की पूरी जानकारी यहां पर उपलब्ध है। नई पीढ़ी के लोगों को यह सब जानने में बहुत सहूलियत होगी। सब लोग जानेंगे एक–एक चीज के बारे में। जो लोग बाहर से यहां पर आएंगे उनके रहने के लिए कई जगहों पर अतिथिशाला का निर्माण करवाया गया है। अभी जो अतिथिशाला बनवाया जा रहा है उसमें एक ही साथ 2 हजार आदमी रह सकते हैं। जल्द ही यह बनकर तैयार हो जाएगा ताकि जितने लोग यहां पर आएं उन्हें कोई दिक्कत नहीं हो।

इस अवसर पर वित्त, वाणिज्यकर सह संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, जल संसाधन सह सूचना एवं जन–संपर्क मंत्री श्री संजय कुमार झा, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री श्री जमा खान, भवन निर्माण विभाग के सचिव श्री कुमार रवि, पर्यटन विभाग के सचिव श्री अभय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, जिलाधिकारी श्री चंद्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री मानवजीत सिंह ढिल्लो सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

******